नागरिक उपभोक्ता मंच द्वारा कुलपति का सम्मान

जबलपुर। दिनांक 10.04.2019 को माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से डॉ. प्रमोद गोपाल नाजपांडे, प्रांतीय अध्यक्ष, नागरिक उपभोक्ता मंच जबलपुर ने अपने सहयोगियों के साथ सौजन्य भेंट की तथा पुष्प गुच्छ द्वारा विश्वविद्यालय में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति जी ने भेंट के दौरान अवगत कराया कि आगामी 25 से 27 अप्रैल 2019 तक विश्वविद्यालय के अंतर्गत विश्व पशुचिकित्सा दिवस का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन से संबंधित विषयों पर व्याख्यानों के साथ–साथ पशुओं के विभिन्न उत्पादोः दूध, अण्डा, मछली एवं मॉस उत्पादन व गुणवत्ता पर परिचचर्चा, पोस्टर प्रर्दशनी, ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता एवं पशुओं में टीकाकरण कैम्प दयोदय तथा तिलवारा स्थित नगर निगम गौशाला में किया जायेगा, महाविद्यालय जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिये जायेंगे एवं आदि पर विभिन्न आयोजन किये जावेंगे। तत्पश्चात प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा के साथ–साथ प्रमाण पत्रों का वितरण किया जावेगा। इस अवसर पर डॉ. नाजपांडे जी ने सुझाव देते हुये कहा कि संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र की विभिन्न इकाईयों के प्रवेश द्वार पर फुटबाल स्थापित किये जावें व भ्रमणकर्ताओं के भ्रमण के दौरान उनका आवागमन पर भी प्रतिबंध अगर रखा जावे, तो पशु स्वास्थ्य पर देखभाल की दृष्टि से न्यायोचित होगा। इस अवसर पर डॉ. नाजपांडे एवं प्रतिनिधि मंडल ने माननीय कुलपति जी को डेयरी सांइस एंड खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय हेतु विश्वविद्यालय के हित में किये अथक प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुये, साधुवाद दिया।

इस अवसर पर डॉ. ए.बी. श्रीवास्तव, डॉ. एम.एल.व्ही राव, श्री रजत भार्गव, श्री अनिल पचौरी, डॉ. मुकेश जायसवाल, प्रवीण मेहरोत्रा एवं श्री आशुतोष द्विवेदी की उपस्थिति सराहनीय रही।

विगत दिवस माननीय कुलपति जी ने वैज्ञानिकों के साथ म.प्र. दुग्ध महासंघ के संयंत्र के भ्रमण एवं अवलोकन के दौरान दुग्ध संग्रहण (लगभग 55,000 लीटर) दुग्ध 45,000 लीटर प्रसंस्करण एवं दुग्ध उत्पाद प्रसंस्करण इकाईयॉ (शेष लगभग 10 हजार लीटर के) जिसमें दुग्ध उत्पादों में पाश्चुराइज्ड दुग्ध, फ्लेवरड मिल्क, छैना, रबड़ी, मिल्क केक, पनीर, पनीर का अचार, खोवा, पेड़ा, घी, लस्सी, नमकीन मठा एवं सादा मठा महत्वपूर्ण है। भ्रमण अवलोकन के दौरान विश्वविद्यालय एवं म.प्र. दुग्ध महासंघ सहकारी मर्यादित, इमलिया, जबलपुर के मध्य एम.ओ.यू. भी निकट भविष्य में किया जाना सुनिश्चित है, जिससे डेयरी सांइस एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अनेक स्नातक स्तर के छात्रों तथा संकाय को व्यवहारिक व प्रायोगिक ज्ञार्नाजन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही आपने अवगत कराया कि 5 वें डीन कमेटी की बैठक, स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या–40 होगी व यह पाठ्यक्रम चार वर्षीय होगा। जिससे महाविद्यालय से उत्तीर्ण होकर छात्र भविष्य में कौषल विकास एवं ज्ञानोपार्जन कर स्वरोजगार के अवसर तो उपलब्ध होंगे ही साथ जिले एवं मध्यप्रदेश में दुग्ध प्रसंस्करण करते हुये विभिन्न दुग्ध उत्पादों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित मूल्य पर जनहित में उपलब्ध कराते हुये अपनी भूमिका व कर्त्तव्यों का निर्वाहन निष्ठापूर्वक संपादित कर सकेंगे

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर